सार-समाचार

कार्यशाला कल

कोटा, (निसं)। अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा रविवार 17 नवंबर को राष्ट्रीय मिर्गी दिवस मनाया जा रहा है और साथ ही मिर्गी को लेकर आमजन में जागरूकता फैलाने के विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन भी किया जा रहा है। इस कार्यशाला का समय दोपहर 1.30 से 2.30 बजे रहेगा। मिर्गी एक ऐसी बीमारी है जिसमें दिमाग की तंत्रिका कोशिकाओं की गतिविधि में गड़बड़ी हो जाती है। इसकी वजह से मिर्गी के दौरे पड़ते हैं। भारत में लगभग एक करोड़ लोग मिर्गी से पीड़ित हैं। भारत में प्रत्येक 1000 में से 10 लोगों को मिर्गी के दौरे आते हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि यदि उचित निदान और उपचार किया जाए तो मिर्गी से पीड़ित 70 प्रतिशत लोग दौरे से मुक्त रह सकते हैं। इस कार्यशाला में डॉ. नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा मिर्गी, इसके लक्षण, संभावित कारण, रोकथाम, बचाव के उपाय, इससे जुड़ी गलतफहमियां आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया जाएगा। इस कार्यशाला के दौरान काउंसलर व विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी कि कैसे मिर्गी के दौरों को प्रभावी तरीके से संभाला जाए और किस तरह से जीवन में आने वाले तनाव का सामना किया जाए। परिवार में जिनको मिर्गी के दौरे आते हैं उन्हें भी बताया जाएगा की किस तरह से मिर्गी के रोगी की देखभाल करें और भ्रांतियों से बचे। इस कार्यशाला का लाभ सभी उम्र और वर्ग के लोग उठा सकते हैं।

नहर में मिले मृतक की पहचान हुई

कोटा, (निसं)। किशोरपुरा थाना इलाके की दाई मुख्य नहर के किनारे मृत अवस्था में मिले युवक की पहचान साजीदेहड़ा निवासी समीर अली के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक 6 नवंबर से लापता था। परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवा रखी थी। किशोरपुरा इलाके के सिंधी कॉलोनी, सब्जीमंडी के पास नहर की दीवार के सहारे गुरूवार को सड़ी-गली स्थिति में एक युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर नगर निगम की गोताखोर टीम मौके पर पहुंची हुई और मृतक के शव को बाहर निकाला सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची मौके पर मृतक की पहचान नहीं होने पर मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रुम में रखवाया बाद में मृतक की पहचान मृतक के पिता ने गुमशुदा बेटे समीर के रूप में की। किशोरपुरा थाना हेड कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र यादव ने बताया कि साजीदेहड़ा निवासी समीर उर्फ पटवारी 6 नवंबर से लापता था, गुरुवार को नहर के पास एक शव मिला था, शव की पहचान के लिए पोस्टमार्टम रूम में रखा गया था। शुक्रवार को मृतक के परिजनों ने शव की पहचान समीर उर्फ पटवारी के रूप में की है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

छात्र-छात्राओं को 70 बैग वितरित किए

कोटा, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामचंद्रपुरा छावनी में शुक्रवार को विद्यालय में जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग और चॉकलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चारू जैन ने की और सचिव नीता जैन ने कार्यक्रम का संचालन किया। सदस्य प्रीति गौतम और राजरानी श्रृंगी की उपस्थिति में क्लब की ओर से कुल 70 स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष चारू जैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। उन्होंने बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने भी इस पहल के लिए क्लब का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

चंबल में कूद कर युवक ने आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। कैथुनीपोल थाना इलाके में कोटा बैराज से चंबल नदी में कूद कर गुरुवार को एक युवक ने आत्महत्या कर ली घटना के बाद तलाशी अभियान में लगी निगम की गोताखोर टीम को शुक्रवार को युवक का शव मिला। जिसके बाद नगर निगम की गोताखोर टीम ने युवक के शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक दादाबाड़ी निवासी सुखपाल है जानकारी के अनुसार गुरुवार को सुखपाल घर से नहा कर गाड़ी लेकर निकला था, जिसकी गाड़ी कोटा बैराज पर खड़ी हुई मिली, रात को सुखपाल की काफी तलाश की गई, लेकिन कोई सफलता नही मिली, शुक्रवार सुबह चंबल नदी में पानी के अंदर सुखपाल का शव मिला, पुलिस का कहना है कि चंबल नदी में शुक्रवार को शव मिला है जिसकी पहचान दादाबाड़ी गुर्जर बस्ती निवासी सुखपाल गुर्जर के रूप में हुई है। मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया,

'सेवा, त्याग और एकता सिख समाज की पहचान'

बून्दी (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता ने शुक्रवार को गुरु नानक जयंती पर लंगर साहिब में मत्था टेका। दत्ता ने संगत को प्रकाश पर्व की बधाई देते हुए कहा कि गुरू नानक देव जी का मानना था कि ईश्वर के दरबार में सभी इंसान समान हैं, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, या पंथ से हों। उन्होंने अपने जीवन में जो सेवा कार्य किए, वही सिख धर्म के मूल आधार बने। सिख समाज ने समाज सेवा को सर्वोच्च स्थान दिया, सिख भावना की असल पहचान है सेवा, त्याग और एकता। हम सभी को गुरू नानक देव जी के बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है, ताकि हम जीवन को आध्यात्म से जोडते हुए परोपकार की भावना से कार्य करें। इस दौरान प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सुखजिंदर सिंह, गुरु दयाल सिंह ने दत्ता को सिरोंपा भेंट किया और शॉल ओढ़ाकर कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर हजूर साहब नांदेड महाराष्ट्र से पहुंचे बाबा चोला जी भी उपस्थित रहे।

ऊंचाई से गिरकर ठेका श्रमिक की मौत

कोटा, (निसं)। रेलवे कॉलोनी इलाके में रेलवे वर्कशॉप में टीन शेड पर काम कर रहे एक ठेका श्रमिक की ऊंचाई से गिरने से मौत हो गई। परिजन मुआवजे की मांग को लेकर रेलवे वर्कशॉप गेट के बाहर ही धरना देकर बैठ गऐं। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और धरने पर बैठे परिजनों से समझाईश की। जानकारी के अनुसार रेलवे वर्कशॉप में ठेका श्रमिक इरफान टीन शेड पर काम करते समय असंतुलित होकर 20 फीट ऊंचाई से नीचे गिर गया हादसे में युवक की मौत हो गई। रेल्वे कॉलोनी थानाधिकारी ने बताया कि इरफान नाम के व्यक्ति की ऊंचाई से गिरने से मौत हो गई, वर्कशॉप गेट के बाहर मृतक के परिजनों से समझाईश कर धरना समाप्त कराया गया। मृतक के शव को एमबीएस अस्पाल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया गया है।

चाकू से हमला कर युवक की हत्या

कोटा, (निसं)। आरके पुरम थाना इलाके में पुरानी आपसी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी। आरकेपुरम थाना अधिकारी ने बताया कि आंवली रोझड़ी निवासी अरुण (21) पड़ोस में शादी समारोह में खाना खाने के लिए गया था। पुरानी रंजिश के चलते शादी समारोह में ही कार्तिक व अन्य ने अरुण के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल अरुण को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया की हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पेंशनर समाज की मासिक बैठक सम्पन्न

छबड़ा (निसं)। पेंशनर समाज द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष हरीशचंद्र पाठक द्वारा की गई। यहां पेंशनरों की समस्या पर विचार-विमर्ष किया गया। अध्यक्ष पाठक के अनुसार माह नवम्बर में जन्मे पेंषनर सदस्यो का माल्यार्पण कर जन्मदिन मनाया गया। साथ ही, वर्ष 2024-25 में जनवरी के अंतिम सप्ताह या फरवरी के प्रथम सप्ताह में वार्शिक अधिवेषन आयोजित किए जाने की रूपरेखा बनाई गई और विस्तृत चर्चा की। बैठक में सदस्यो द्वारा उपजिला चिकित्सालय निर्माण के लिए उपर्युक्त भूमि चयन की मांग की।

बाइक चोर गिरोह सक्रिय

छबड़ा (निसं)। कस्बे में बाईक चोर गिरोह सक्रिय हो गया हैं। यहां से बीती रात्रि को दो बाईक व एक स्कूटी चोरी हो गई। धरनावदा रोड स्थित लक्ष्मण विहार कॉलोनी निवासी मुरलीधर मेहता ने बताया कि बीती रात्रि को मकान के पीछे खेत के रास्ते आए अज्ञात चोर घर के बाहर खडी एक बाईक व एक स्कूटी चुरा ले गए। सुबह जब परिजनों को नींद खुली को घटना की जानकारी मिली। चोरी की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। मेहता के अनुसार इसी के साथ ही बीती रात्रि को टॉवर कॉलोनी से एक बाईक भी चोरी हुई हैं। वही, दो दिन पूर्व महादेव गार्डन के सामने से भी एक बाईक भी चोरी हुई थी। पीडित ने बताया कि उसने इस मामले का थाने में परिवाद दे दिया है। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच कार्रवाई की।

पेट्रोल पंप लूटने से पहले ही पांच आरोपियों को धर दबोचा

कोटा, (निसं)। विज्ञान नगर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुऐ पेट्रोल पंप लूटने की योजना बनाते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल मय चार जिंदा कारतूस, एक चाकू, तीन लोहे के पाइप सहित लाल मिर्च पाउडर को बरामद किया है।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप लूट की योजना में प्रयुक्त एक कार को भी जप्त किया है। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि शहर में अवैध मादक पदार्थों एवं अवैध हथियारों की तस्करी पर शिकंजा कसने व अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी एवं पुलिस उपअधीक्षक लोकेंद्र पालीवाल के निर्देशन में विज्ञान नगर थाना अधिकारी पुष्पेंद्र बंशीवाल के नेतृत्व में टीम ने कार्यवाही करते हुए गुरुवार रात्रि को पेट्रोल पंप लूटने की योजना बनाते हुए 5 बदमाशों को

कोटा पुलिस ने पेट्रोल पंप लूट की योजना बनाते आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

गिरफ्तार किया साथ ही उनके पास से कई हथियार व लूट की योजना में प्रयुक्त एक कार को भी जब्त किया है।

विज्ञान नगर इलाके में थानाधिकारी पुष्पेंद्र बंशीवाल के नेतृत्व पकड़े गए आरोपियों में बकरा मंडी निवासी मोहम्मद आसिफ उर्फ आशिक (32), संजय नगर निवासी आदिल राईन (26), छत्रपुरा तालाब निवासी साहिल (19), अनंतपुरा निवासी आदिल राईन (26) और मध्य प्रदेश के जिला गुना के खण्डेलगंज करीमियां निवासी फराज राईन (18) को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपियों से अनुसंधान के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा। थाना अधिकारी ने बताया कि पकड़ा गया अरोपी मोहम्मद आसिफ उर्फ आशिक किशोरपुरा थाने का राउडी शीटर है। जिसके खिलाफ विभिन्न थानों आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास, मारपीट एवं लड़ाई-झगड़े की धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं।

गौतम प्रदेश संयोजक एवं विधि सलाहकार नियुक्त

कोटा, (निसं)। राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन (रजि.) जयपुर शाखा राजस्थान की कोर कमेटी की बैठक जयपुर स्थित एसोसिएशन मुख्यालय पर आयोजित की गई जिसमे प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

प्रदेश महासचिव ललित कुमार प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान फार्मासिस्ट एसोसिएशन (रजि.) जयपुर शाखा राजस्थान की कोर कमेटी बैठक में प्रदेश अध्यक्ष डॉ.प्रवीण सेन की सहमति से प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश विधि सलाहकार पद पर हर्षित गौतम (कोटा) को नियुक्त किया गया।

इसके साथ ही प्रदेश संरक्षक दीपक कुमार छँगानी (बीकानेर) को मनोनीत किया गया। गोरतलब है गौतम पूर्व में

हर्षित गौत्तम

फार्मा यूथ वेलफेयर संस्थान प्रदेश संयोजक व जिलाध्यक्ष, कोटा फार्मेसी महाविद्यालय छात्रसंघ अध्यक्ष, फार्मेसी स्टूडेंट एसोसिएशन महासचिव सहित अन्य पद पर रह चुके है।

महापुरूषों को याद किया

छबड़ा (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा के तत्वाधान में गायत्री मंदिर परिसर में आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा का बलिदान दिवस एवं सिख धर्म के प्रवृतक गुरुनानक देव की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर हीरालाल मीणा, घनश्याम भार्गव व बद्रीलाल मेहता इत्यादि वक्ताओं ने दोनों महापुरुषों के जीवन चरित्र से संबंधित कार्यों पर प्रकाश डाला। ब्लॉक मंत्री मुरारीलाल मीणा ने बिरसा मुंडा के भारतीय स्वाधीनता संग्राम में योगदान का उल्लेख किया।

अकलंक कॉलेज में नवागम 2024 का भव्य आयोजन

अकलंक कॉलेज में फ्रेशर पार्टी आयोजित हुई है।

कोटा, (निसं)। अकलंक कॉलेज ऑफ ऐजुकेशन में वरिष्ठ प्रशिक्षणार्थियों द्वारा नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के स्वागत हेतु 'नवागम 2024' (फ्रेशर्स पार्टी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मंजू जैन, चेयरपर्सन ग्रीन आर्मी वेलफेयर सोसायटी, अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज, सचिव अनिमेष जैन, कार्यकारिणी सदस्यों और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.आशा शर्मा द्वारा माँ वागेश्वरी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस विशेष अवसर पर रैंप वाक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मिस्टर और मिस फ्रेशर का चुनाव किया गया। अमित सिंह (बी.एड.) को मिस्टर फ्रेशर और प्रसिद्धि शर्मा (बी.ए.बी.एड.) को मिस फ्रेशर का खिताब दिया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका प्रसिद्ध फिल्मकार डॉ.कपिल सिद्धार्थ और फैशन डिजाइनर मिस पूजा राजवंशी ने निभाई। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने सांस्कृतिक नृत्य और गायन प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति के रंग बिखेरे, जिससे माहौल खुशनुमा हो गया। कार्यक्रम के अंत में अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज व सचिव अनिमेष जैन ने नवप्रवेशित छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा, 'आप सभी एक नई यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं। शिक्षा केवल ज्ञान का एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व का निर्माण करने में भी मदद करती है। हमें गर्व है कि आप हमारे कॉलेज का हिस्सा है, और मैं आशा करता हूँ कि आप यहाँ बहुत कुछ सीखेंगे और अपने सपनों को साकार करेंगे।

बीकेपी की युवाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनूठी पहल

कोटा बीकेपी के रोजगार मेले के पोस्टर का विमोचन किया गया।

कोटा, (निसं)। कोटा में 15 दिसंबर को ब्राह्मण कल्याण परिषद द्वारा आयोजित होने वाले रोजगार संगम 2024 के विशेष पोस्टर विमोचन किया गया। यह विमोचन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विशेष अधिकारी राजीव दत्ता द्वारा किया गया।

इस मौके पर उन्होंने कोटा और आसपास के क्षेत्रों के सभी नवयुवकों से इस मेले में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। राजीव दत्ता ने इस अवसर को युवाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए कहा कि रोजगार संगम 15 दिसंबर 2024 उनके लिए एक बेहतर अवसर साबित होगा, जहाँ वे अपने कौशल और रोजगार के विभिन्न विकल्पों को प्राप्त कर सकेंगे। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण कल्याण परिषद के संयोजक अनिल तिवारी ने बताया कि मेले का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के विविध अवसरों से जोड़ना और उन्हें स्वावलंबी बनाना है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा। इसमें लगभग 50 से अधिक कंपनियां भाग लेगी एक अभ्यर्थी एक से अधिक कंपनियों में आवेदन कर सकता है। इस दौरान शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित, दिनेश शर्मा, विनीत वाजपेई, भरत शर्मा, दिलीप, रोहित दाधीच, डॉ. सुरेंद्र सिंह गुर्जर, उत्तम शर्मा, विजय शर्मा, राकेश शर्मा, और गोपाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

खोया-पाया

दीप्ति कपूर पत्नी श्री जनित कपूर पता 8 वल्लब नगर कोटा के कागजात निम्नानुसार गिर गये थे जिसकी FIR दिनांक 15.11.2024 दर्ज है:- 1. नगर विकास न्यास और एचएन पालीवाल के बीच मूल पंजीकृत लीज डीड समझौता 06.09.1971 को दिनांक 10.12.1971 को निष्पादित किया गया था। 2. दिनांक 12.10.1981 की मूल पंजीकृत सामान्य POA हरि नारायण पालीवाल द्वारा रामेश्वर श्रृंगी रजि. के पक्ष में दी गई। 22.10.1981 को (पुस्तक संख्या 43 क्रमांक 278 पृष्ठ संख्या 218-220) 3. मूल पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 28.02.1983 (पुस्तक संख्या 1 क्रमांक 407 पृष्ठ संख्या 349-339) में अशोक कुमार के पक्ष में मेजर एचएन पालीवाल के वकील के रुप में रामेश्वर श्रृंगी को निष्पादित किया गया। मूल विक्रय विलेख 08.03.1983 (पुस्तक संख्या 1 बाइंडर संख्या 407 क्रमांक 396-383) अशोक कुमार के पक्ष में मेजर एच.एन. पालीवाल के पीओए के रुप में रामेश्वर श्रृंगी द्वारा निष्पादित।

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मु.का.प्र., माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा निम्नलिखित कार्य की ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **टेण्डर संख्या:** S-234-2024-BodyFitment-01 **कार्य का विवरण:** माल डिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा प.म.रे. में 12 माह की अवधि हेतु माइल्ड स्टील और स्टेनलेस स्टील (बॉक्सएन और बीसीएन ग्रुप) वैगनों में बॉडी पैच फिटमेंट का कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 44,80,000.00/- **निविदा प्रपत्र राशि:** निल **बयाना राशि:** ₹89,600.00/- **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह **निविदा बंद/खोलने की तारीख और समय:** बंद होगा 11:30 बजे दिनांक 05.12.2024 एवं खोला जाएगा 12:00 बजे दिनांक 05.12.2024. ई-निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है तथा विवरण मुख्य कारखाना प्रबंधक कार्यालय, कोटा के प्रगति अनुभाग के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई-निविदा के माध्यम से इसी वेबसाइट पर स्वीकार किए जाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जाएंगे। यदि ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर-II
मा.डि.म.कारखाना, प.म.रे., कोटा जं.

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

हजारों लोगों ने चखा गुरू का लंगर

कोटा, (निसं)। समूह संगत एवं प्रबंधक कमेटी श्री गुरु सिंह सभा कोटा जं. (रजि.) के तत्वावधान में साहिब श्री गुरुनानक देवजी का 555वां प्रकाश गुरू पर्व शुक्रवार को भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर गुरु ग्रंथ साहिब की हजूरी में विशेष दीवान सजाया गया जिसमें दूर-दराज से आने वाले सिख समाज व अन्य समाजों के लोगों ने मत्था टेका और अरदास की। सभा के अध्यक्ष अमरजीत सिंह माखीजा ने बताया कि प्रकाशोत्सव के दौरान गुरु नानक जयंती पर खुले पांडाल में विशेष दीवान सजाया गया। अमृतसर श्री दरबार साहिब के रागी जत्थे एवं प्रचारक गुरबानी कीर्तन एवं कथा द्वारा संगत को निहाल किया गया। इस अवसर पर प्रसाद का वितरण किया गया। राजनैतिक, सामाजिक, प्रशासनिक अधिकारियों ने गुरूद्वारा पहुंचकर मत्था टेका और सिख समाज के लोगों को गुरू नानक जयंती की शुभकामनाएं दी। शबद कीर्तन के रूप में सबते वड्डा सदगुरू नानक...,करता घर आया...,नानक चिंता मत करो.., धन नानक तेरी वड्डी कमाई ...,सहित कई भजन प्रस्तुत किए गए।

गुरूद्वारा सिंह सभा कोटा जंक्शन के सचिव गुरप्रीत सिंह ने बताया कि सर्व विश्व को अज्ञानता के अन्ध कूप में से निकालने वाले दो जहान के वाली, महान सुखदाता, सिख चिंतन के संस्थापक साहिब श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व पर शुक्रवार को हर वर्ष के भांति इस साल भी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कोटा जंक्शन में बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्रद्धा भाव से लोग पारम्परिक परिवेश में पहुंचे और अरदास करने के साथ ही अपने सेवाएं दी। प्रबन्धक अमरप्रीत सिंह मखीजा ने बताया कि सुबह श्री सुखमनी साहिब व नितनेम पाठ हुआ, उसके बाद आसा जी की वार आरम्भ हुई और उसके बाद समाप्ति श्री अखण्ड पाठ साहिब के साथ ही खुले पंडाल में कीर्तन, कथा, गुरुमत विचार हुए।

प्रबन्धक अमरप्रीत सिंह मखीजा ने बताया कि आयोजन के तहत गुरू का लंगर अतुट बरता, जिसमें हजारों की संख्या में सभी समाजों के श्रद्धालु पहुंचे और लंगर चखा, इस दौरान लंगर के लिए लोगों को घंटो इंतजार करना पडा और पांडाल छोटा पड़ गया।लोगों की श्रद्धाभाव ऐसी थी की उन्होंने प्रसाद ग्रहण कर सुखद अनुभूति का अहसास किया। इस दौरान समाज के लोगों ने ही सेवाएं दी और लोगों को बड़े'' ही आदर भाव से भोजन प्रसादी ग्रहण करवाई। कोई रोटी तो किसी ने सब्जी का तो किसी ने अन्य सेवा के साथ गुरू नानक जयंती पर सेवाएं दी।

अन्नकूट महोत्सव और भजन संध्या आज

कोटा, (निसं)। श्री माहेश्वरी समाज कोटा से संबद्ध श्री माहेश्वरी पंचायत कोटा के द्वारा अन्नकूट महोत्सव एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन 16 नवंबर शनिवार को सांय 5.15 बजे श्रीनाथपुरम स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में भक्ति सुधा की रसधारा की बीच 5 हजार से अधिक माहेश्वरी बंधुओं की महाप्रसादी आयोजित की जाएगी। पंचायत के मंत्री रामचरण धूत ने बताया कि इस आयोजन में मुख्य अतिथि अध्यक्ष लोकसभा ओम बिरला होंगे। पांचजन्य अतिथि में अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के उपसभापति पश्चिमांचल राजेश कृष्ण बिरला तथा विशिष्ठ अतिथि में कोटा जिला सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार लि. के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला कार्यक्रम की शोभा को बढ़ायेंगे।

कार्यालय नगरपरिषद झालावाड़ (राज.)

क्रमांक : न.परि.झा/भूमि/2024/4771 **सार्वजनिक विज्ञप्ति** दि. 14.11.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद झालावाड़ में लीज/नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिसमें किसी भी व्यक्ति आदि को आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर स्वामित्व के दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर दें अन्यथा बाद अवधि गुजरने के बाद पट्टे दिये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

क्र. स.	नाम व पता	खसरा नं./कॉलोनी	विवरण
1.	श्रीमति आकांशा सेन व कार्तिक पडिहार निवासी छीपा मोहल्ला अकलेरा जिला झालावाड़	रुप नगर आवासीय योजना झालावाड़ भूखण्ड नं. 04 साईज 30x60 = 1800 वर्गफुट झालावाड़	मूल प्रथम आवंटी गिरिराज अग्रवाल व अन्य झालावाड़ मुख्तारआम अनिल अग्रवाल निवासी झालावाड़ के द्वारा क्रेता प्रथम मुकेश कुमार गोयल पुत्र श्री बाबूलाल गोयल निवासी दाऊजी के मन्दिर के सामने झालावाड़ क्रेता द्वितीय क्रेता सत्य प्रकाश शारदा पुत्र श्री वटकेशवरदास गुप्ता निवासी तलवण्डी कोटा तृतीय क्रेता श्रीमति शिखा चौहान पत्नि श्री रिपु दमन सिंह चौहान निवासी गोदाम की तलाई झालावाड़ क्रेता चतुर्थ श्रीमति आकांशा सेन व कार्तिक पडिहार निवासी छीपा मोहल्ला अकलेरा जिला झालावाड़।

(नरेन्द्र कुमार मीणा) आयुक्त
नगरपरिषद झालावाड़

मोटिवेशनल सेमीनार का आयोजन हुआ

कोटा, (निसं)। देश के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान रेज़ोनेंस के कोटा कैंपस में एक विशेष मोटिवेशनल सेशन का आयोजन किया गया। इस सत्र में झुंझुनू के आरएएस अधिकारी गजेंद्र शर्मा और करौली के आरएएस अधिकारी हेमंत कुमार घनघोर ने मुख्य अतिथि के रूप विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस सत्र में, आरएएस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को अपने अनुभवों, चुनौतियों और सफलताओं के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें, दृढ़ संकल्प रखें और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। हेमंत के विद्यार्थियों को समझाया कि हमेशा एक वैकल्पिक योजना (प्लान-बी) तैयार रखें, जीवन में संतुलन बनाए रखें, अभिभावकों के साथ नियमित संवाद करें।

गजेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को कहा कि अभिभावकों को हमेशा सच बताएं, कभी भी कोई भी बात नहीं छिपाएं, अपनी मेहनत में ईमानदारी रखें, यदि एक योजना काम नहीं करती है तो दूसरी योजना का उपयोग करें। आरएएस अधिकारियों ने रेज़ोनेंस के प्रयासों की भी सराहना की, विशेष रूप से छात्राओं के लिए स्वरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने वाली 'रेजो शक्ति' पहल की भूरी भूरी

रेजोनेंस में आरएएस अधिकारियों के द्वारा मोटिवेशनल सेशन का आयोजन हुआ।

प्रशंसा कि गयी। उन्होंने कहा कि रेज़ोनेंस न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि करियर मार्गदर्शन और काउंसलिंग सत्रों में भी विद्यार्थियों को पूर्ण समर्थन प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों ने आरएएस अधिकारियों से तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन और अपने अभिभावकों के साथ कैरियर के सम्बन्ध में बेहतर संवाद करने के तरीकों के बारे में भी प्रश्न पूछे। अधिकारियों ने विस्तार से उत्तर दिए और विद्यार्थियों को उपयोगी सुझाव प्रदान किए। रेजोनेंस के वाईस प्रेजिडेंट कीर्ति सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे प्रेरक सत्र छात्रों को प्रेरित करते हैं और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। संस्थान भविष्य में भी इस तरह के सत्रों का आयोजन करता रहेगा।

राजस्थान सरकार

कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भू-विज्ञान विभाग, कोटा

क्रमांक:-खअ/कोटा/अवैध खनन/2024/261 दिनांक:-12.11.2024

नीलामी विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध खनन/निर्गमन चैकिंग के दौरान निम्न जब्तशुदा खनिज बजरी की नीलामी हेतु सीलबन्द लिफाफे में निविदाएं दिनांक 12.12.2024 को प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय खनि अभियन्ता, खनिज भवन, प्लॉट नम्बर 3, टैगोर नगर, रावतभाटा रोड कोटा के कमरा नम्बर 112 में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त सीलबन्द निविदाएं कमेटी द्वारा दिनांक 13.12.2024 को प्रातः 11 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खनि अभियन्ता कोटा कक्ष संख्या 114 में खोली जावेगी। नीलामी में भाग लेने हेतु निविदा फार्म कार्यालय से राशि रु. 100 जमा करा प्राप्त कर नियत तिथि को बयाना राशि जरिए डीडी/बैंकर्स चैक सहित निविदा प्रस्तुत कर सकते है।

क्र. सं.	स्थान का विवरण (जहां जब्तशुदा काली बजरी पड़ी है)	जब्तशुदा काली बजरी की अनुमानित मात्रा (टनों में)	बयाना/अमानत राशि (रु. में)	न्यूनतम निविदा राशि (रु. में)
1.	ग्राम खेडीयामान तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी	80 टन	4000	40000
2.	ग्राम खेडीयादुर्जन तहसील इन्द्रगढ़ जिला बून्दी	300 टन	15000	150000
3.	ग्राम झालीजी का बराना तहसील के.पाटन जिला बून्दी	300 टन	15000	150000
4.	ग्राम खातोली तहसील पीपल्दा जिला कोटा	30 टन	1500	15000
5.	खसरा संख्या 1408/516 खातोली से सवाई माधोपुर रोड ग्राम लाखनी जिला कोटा	30 टन	1500	15000
6.	खसरा संख्या 539/271 खातोली से सवाई माधोपुर रोड ग्राम लाखनी जिला कोटा	100 टन	5000	50000
7.	खसरा संख्या 1436/1383 खातोली से सवाई माधोपुर रोड ग्राम लाखनी जिला कोटा	60 टन	3000	30000
8.	खसरा संख्या 259 खातोली से सवाई माधोपुर रोड ग्राम रामखेड़ा जिला कोटा	40 टन	2000	20000
9.	खसरा संख्या 1405/515 ग्राम खातोली जिला कोटा	35 टन	1750	17500
10.	खसरा संख्या 01 ग्राम खातोली जिला कोटा	150 टन	7500	75000
11.	खसरा संख्या 527 ग्राम खातोली जिला कोटा	100 टन	5000	50000
12.	खसरा संख्या 525 ग्राम खातोली जिला कोटा	100 टन	5000	50000
13.	खसरा संख्या 03 ग्राम खातोली जिला कोटा	100 टन	5000	50000
14.	खसरा संख्या 1342/57 खातोली से सवाई माधोपुर रोड ग्राम खातोली जिला कोटा	80 टन	4000	40000
15.	खातोली इटावा रोड आवासीय कालोनी ग्राम	870 टन	43500	435000

क्र. सं.	स्थान का विवरण (जहां जब्तशुदा बनास बजरी पड़ी है)	जब्तशुदा बनास बजरी की अनुमानित मात्रा (टनों में)	बयाना/अमानत राशि (रु. में)	न्यूनतम निविदा राशि (रु. में)
1.	केशोपुरा तहसील पिपल्दा जिला कोटा	2016 टन	181440	1814400

नोट- खनिज बजरी नीलामी की शर्तें खनि अभियन्ता, कोटा एवं वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

डीपीआर/सी/11276/24 (आर.एन. मंगल) खनि अभियन्ता, कोटा